

Ms. DEEPA MALIK

Ms. Deepa Malik is India's distinctive sports personality & Arjuna Award winner paralyzed below chest and has been taking treatment for a spinal tumor for the past 17 years, but in her avatar as an international sportsperson she leaves many able bodied people in the dust. She has 23 state and 35 national level medals, as well as 18 international medals; including a Silver Medal at the RIO PARALYMPICS 2016 to her credit. Born on September 30, 1970, Ms Deepa has become the first ever Indian woman to win a medal at the Paralympics. She represented India under the Target Olympic Podium Scheme (TOPS). She is India's first Paraplegic woman swimmer, biker and rally car driver and holds Four Limca World Records for adventure sports (1-Swam River Yamuna Against the current, 2-Rode a Special Bike for over 50 KM, 3- Drove Across Nine High Altitude Passes on the World's Highest Motorable Road, 4- Plan-India Drive 3278 Km Chennaito Delhi). She also holds the ASIAN RECORD for Javelin Throw (F-53).

2. As an appointed Working Group Member of the 5 Year Planning Commission 2012-2017, Ms. Deepa's inputs have ensured that India's sports policy now includes the provision of equitable sports facilities and rewards for para-sportspersons. Ms. Deepa personally assists physically challenges persons to take up sports, including rally car driving.

3. No other woman has achieved so much ever in India till date in Severe Disability. Ms. Deepa has only one third of her body parts functional with no bladder and bowl control and no sensation at all below chest level of her body. She is the first paraplegic Indian woman to become a para-sports woman with the highest medal tally ever and Asian records, the first open river water swimmer, first biker and car rallyist. All records created at an age where most of the women retire and in such a disability give up hope. She has been recognized by the Government of India and conferred the “President's National Role Model Award 2014' as well as 'Women Transforming India 2016 Award (NITI Aayog & United Nations India).

4. A vocal advocate of “Beti Bachao, Beti Padhao', she promotes gender equality on national media even as she motivates women to overcome the double stigma of gender and disability. Ms. Deepa's belief in empowering people with disability also manifests in helping both men and women secure jobs and earn their own livelihood. Several corporate organizations rely on her expertise to make their businesses more inclusive for staff and clients. To encourage the younger generation, she conducts workshops for inclusive education, disability sensitization and para-sports awareness in schools and colleges across India.

5. Ms. Deepa is a torch-bearer of the Accessible India Campaign. Her efforts resonate with the disability inclusion mandates of the Sustainable Development Goals 8, 10 & 11. She is contributing towards transforming India into a more inclusive society, both in terms of mindsets and accessibility. Ms. Deepa has been appointed as a Brand Ambassador for the Haryana Election Commission as well as Brand Ambassador for 'Smart Cities' and 'Swatcchh Bharat' Campaigns by the NDMC (New Delhi Municipal Corporation).After her historic victory at the Rio Paralympics, Ms. Deepa continues her training for the upcoming para-Athletics World Championships in July 2017, to be held at London.



सुश्री दीपा मलिक

सुश्री दीपा मलिक भारत की सुप्रसिद्ध खिलाड़ी एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं। आप वक्ष से नीचे अपंगता से जूझ रही हैं तथा विगत 17 वर्षों से स्पाइनल ट्यूमर का इलाज करा रही हैं। परंतु अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धा में अपने खेल प्रदर्शन से आप शारीरिक रूप से सक्षम व्यक्तियों को भी धूल चटाने का दमखम रखती हैं। आपके पास 23 राज्यीय एवं 35 राष्ट्रीय पदक एवं 18 अंतरराष्ट्रीय पदक हैं, जिनमें रीयो पैरालिंपिक्स 2016 में प्राप्त रजत पदक शामिल है। आपका जन्म 30 सितंबर, 1970 को हुआ। आप पैरालिंपिक्स में पदक प्राप्त करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। आपने टारगेट ओलम्पिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के अंतर्गत भारत का प्रतिनिधित्व किया। आप भारत के प्रथम पैराप्लेगिक महिला तैराक, बाइकर तथा रैली कार चालक हैं एवं साहसी खेलों (1-यमुना की धारा के विरूद्ध की गई तैराकी, 2-50 किलोमीटर तक एक विशेष बाइक का चालन, 3-विश्व के उच्चतम वाहन चालन योग्य मार्ग पर 9 हाई अल्टीटयूड पासेज़ से वाहन चालन, 4-प्लान इंडिया ड्राईव 3278 किलोमीटर चैन्नई से दिल्ली तक) के लिए आपके नाम चार लिमका विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। भाला फेंक (एफ-53) के लिए आप एशियाई रिकॉर्ड धारक हैं।

2. पंचवर्षीय योजना आयोग 2012-2017 के कार्यकारी सदस्य नियुक्त होने के बाद आपकी दी गई जानकारियों से खेल के क्षेत्र में समतापूर्ण सुविधाएं एवं पैरा स्पोर्टस व्यक्तियों के लिए पुरस्कार के प्रावधान सहित भारत की खेल नीति निरूपित किया जाना सुनिश्चित हो सका है। आप निजी तौर पर शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्तियों को रैली कार ड्राइविंग सहित अन्य खेल अपनाने के लिए सहायता देती हैं।

3. भारत में आज तक गंभीर अपंगता की स्थिति से जूझते हुए किसी महिला ने इतनी अदभुत सफलताएं प्राप्त नहीं की थीं। आपका केवल एक तिहाई शरीर क्रियाशील है एवं ब्लैडर एवं वॉल कंट्रोल नहीं है एवं छाती से नीचे का शरीर संवेदना शून्य है। आप भारत की पहली पैराप्लेगिक भारतीय महिला खिलाड़ी हैं जिन्होंने इतनी उच्चतम पदक गणना प्राप्त की है एवं जिसके पास एशियन रिकॉर्ड है, जो प्रथम नदी तैराक हैं प्रथम बाइकर और कार रैली की प्लेयर हैं। आपने ये सभी रिकॉर्ड उस उम्र में हासिल किए गए जब अधिकांश महिलाएं सेवानिवृत्त हो जाती हैं और ऐसी अपंगता की स्थिति में आशाहीन हो जाती हैं। आपको भारत सरकार द्वारा "प्रेसिडैंटस नेशनल रोल मॉडल अवार्ड, 2014" तथा "वुमन ट्रांसफोर्मिंग इंडिया 2016 अवार्ड (नीति आयोग एवं संयुक्त राष्ट्र संघ भारत) देकर सम्मानित किया गया।

4. आप 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की पुरजोर समर्थक हैं, आप राष्ट्रीय मीडिया में महिला-पुरूष समानता को बढ़ावा देती है तथा जेंडर और विकलांगता के दोहरे दंश को जीतने में महिलाओं को प्रेरित करती हैं। विकलांगता से पीड़ित पुरूषों एवं महिलाओं, दोनों को नौकरी प्राप्त करने और अपनी जीविका अर्जित करने में आपके द्वारा उनको दी गई पुरजोर सहायता द्वारा व्यक्तियों को सशक्तीकृत करने में आपका दृढ़ विश्वास स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। कई एक कॉरपोरेट संगठन अपने कर्मचारियों एवं ग्राहकों के लिए अपने कार्य व्यापार को और अधिक समावेशी बनाने के लिए आपकी विशेषज्ञता की सहायता लेते हैं। नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करने के लिए आप देशभर के विद्यालयों एवं कॉलेजों में समावेशी शिक्षा, अपंगता के प्रति संवेदनशीलता एवं पैरा खेलों के प्रति जागरूकता, विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित करती हैं।

5. आप एक्सेसिबल इंडिया कंपेन की ध्वजवाहक हैं। संपषणीय विकास लक्ष्यों 8,10 एवं 11 के अधिदेश में विकलांगता को शामिल किये जाने में आपका महती प्रयास पूर्णत: परिलक्षित है। आप भारत को, मन:स्थिति एवं सहजता दोनों संदर्भों में, और अधिक समावेशी समाज के रूप में परिवर्तित करने में अपना योगदान कर रही है। आप हरियाणा चुनाव आयोग के लिए ब्रांड एम्बेसडर तथा "स्मार्ट सिटीज़" तथा "स्वच्छ भारत" अभियान (नई दिल्ली नगर पालिका परिषद) के लिए ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त की गई हैं। रियो पैरालिम्पिक में अपनी एतिहासिक जीत के बाद आप जुलाई 2017 में लंदन में आयोजित होने वाली आगामी पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी कर रही हैं।